**Request to set up a Pharma-Drug Park and Mega Food Park in Indore**

श्री शंकर लालवानी **(इन्दौर) :** धन्यवाद सभापति महोदय ।

महोदय, मैं इंदौर से आता हूँ और इंदौर क्लीनीस्ट सिटी ऑफ इंडिया है । लगातार स्वच्छता में नंबर वन है, स्मार्ट सिटी में नंबर वन है और इसके साथ-साथ ?एक पेड़ माँ के नाम से? के तहत एक दिन में 12 लाख पेड़ हमने लगाए हैं । देश में तेजी बढ़ता हुआ हमारा शहर इंदौर है । मैं सरकार से दो मांग करना चाहता हूँ कि हमारे इंदौर में मेडिकल और फार्मा की बहुत सारी इंडस्ट्रीज़ हैं । सरकार इंदौर में फार्मा-ड्रग पार्क बनाए । मेरी दूसरी मांग है कि इंदौर में अच्छा गेहूँ , चना और दुनिया का सबसे अच्छा सोयाबीन है और आलू है, जिसकी चिप्स बनती है । इंदौर में मेगा फूड पार्क बनाया जाए, यह मैं सरकार से मांग करता हूँ ।

माननीय सभापति **:** श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर ? उपस्थित नहीं ।

श्री वीरेन्द्र सिंह जी ।